विश्व पर्यावरण दिवस-2024

दिनांक: 05.06.2024

भावाअशिप - वन उत्पादकता संस्थान, राँची द्वारा दिनांक 05.06.2024 को विश्व पर्यावरण दिवस - थीम "भूमि पुनर्स्थापन, मरुस्थलीकरण, और सूखा लचीलापन" का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक, डॉ. अमित पाण्डेय ने मुख्य अतिथि डॉ.एच.एस.गुप्ता, भा.व.से. (सेवानिवृत्त) पूर्व प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य जीव), झारखंड को पुष्प गुच्छ दे कर सम्मानित किया। डॉ. अमित पाण्डेय ने कहा कि यदि मनुष्य द्वारा पर्यावरण को नियंत्रित करने की कोशिश की गई तो आने वाले समय में महामारी फैलने की संभावना उत्पन्न हो जाएगी। प्रत्यक्ष उदहारण के तौर पर उन्होंने बताया कि जंगल के जानवर शहर की ओर आ रहे हैं क्योंकि मनुष्यों ने जंगलों पर अधिग्रहण करना शुरु कर दिया है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मुख्य वक्ता, डॉ.गुप्ता ने पर्यावरण दिवस के **Theme: Land restoration, desertification, and drought resilience** के विषय पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी और पर्यावरण को बचाने के लिए युवाओं से अनुरोध किया । डॉ. योगेश्वर मिश्रा, समूह समंवयक अनुसंधान ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए ग्रीन कार्बन क्रेडिट के विषय में विस्तार पूर्वक समझाते हुए कहा कि हमें अपने जंगलों को बचाना और बढ़ाना है।

दिनांक: 05.06.2024

विश्व पर्यावरण दिवस - 2024

इस अवसर पर भावाअशिप - वन उत्पादकता संस्थान, राँची ने गैर सरकारी संस्थान Magic Bus India Foundation, राँची के समन्वय में अलग-अलग प्रजातियों के 50 पौधों को समुदायिक पौध-रोपण हेतु वितरित किया। वन विज्ञान केंद्र सह वानिकी अनुसन्धान एवं प्रसार केंद्र, हाजीपुर के द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर केंद्रीय विधालय, हाजीपुर में पौधा वितरण एवं पौध- रोपण कार्यक्रम आयोजित किया। प्रभागाध्यक्ष (विस्तार) के श्रीमती रूबी सुसाना कुजूर, वैज्ञानिक के नेतृत्व में श्री अरविन्द कुमार, वरिष्ठ तकनिकी अधिकारी, श्री बिनोद राम, तकनीकी सहायक एवं श्री आनंद किशोर, एम.टी.एस ने कार्यक्रम के आयोजन में अहम योगदान दिया।

रांची-गुमला NH-23, लालगुटवा, रांची
835 303 (झारखंड)